बिहार विधान परिषद

(203 बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

01 मार्च 2023

[सामान्य प्रशासन - राजस्व एवं भूमि सुधार - पर्यटन - नगर विकास एवं आवास - सहकारिता - खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण - सूचना एवं जनसम्पर्क - आपदा प्रबंधन - मंत्रिमंडल सचिवालय - निगरानी - निर्वाचन सूचना प्रौद्योगिकी].

Total Short Notice Question- 6

नाला का निर्माण

*9 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बैरगनियां (सीतामढ़ी) नगर परिषद् क्षेत्र अन्तर्गत अस्पताल चौक से चमड़ा गोदाम होते हुए करबला चौक पी.सी.सी. सड़क और आर.सी.सी. नाला निर्माण नहीं रहने के कारण आमजनों को आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क की पी.सी.सी. एवं आर.सी.सी. नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

अग्रवाल समाज किस श्रेणी में

*10 **श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या **सामान्य प्रशासन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि प्रदेश में विभिन्न समुदाय के लोग निवास करते है;

(ख) क्या यह सही है कि प्रत्येक समुदाय के लोगों के बीच में जातीय श्रेणी का विभाजन किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त प्रदेश में अग्रवाल समाज के लोग भी निवास करते है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा अग्रवाल समाज के लोगों को किस श्रेणी में रखा गया है?

उत्सव समारोह आयोजित

*11 **श्री अशोक कुमार पाण्डेय (विधान सभा):**

क्या **पर्यटन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड- दिनारा मेंमां यक्षिणी भवानी अति प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है;

(ख) क्या यह सही है कि यहां हजारों की संख्या में भक्तों की भीड़ लगी रहती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मां यक्षिणी भवानी को पर्यटक स्थल घोषित कर प्रत्येक वर्ष उत्सव समारोह आयोजित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

जल निकासी की व्यवस्था

*12 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला अंतर्गत हर प्रसाद दास जैन महाविद्यालय के नफ (महाविद्यालय के दक्षिणी छोर पर स्थित नाला) को अतिक्रमित कर भर दिए जाने के फलस्वरूप कॉलेज परिसर एवं खेल के मैदान में बरसात के दिनों में पानी भर जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि बरसात के दिनों में कॉलेज परिसर में जलजमाव हो जाने के कारण शैक्षणिक गतिविधियां बाधित हो जाती हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हर प्रसाद दास जैन महाविद्यालय के नफ महाविद्यालय परिसर एवं खेल के मैदान की समुचित जल निकासी व्यवस्था शीघ्र दुरुस्त कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो

क्यों?

कार्यालय में उपस्थित

*13 **श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल):**

क्या **राजस्व एवं भूमि सुधार** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के राजस्व कर्मचारी किसी भी सरकारी स्थान पर अपना कार्यालय नहीं रखते हैं, ये इलाके के किसी निजी आवास से ही दाखिल-खारिज जैसे महत्वपूर्ण कार्य को संचालित करते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि किसी नियत स्थान पर कार्यालय नहीं होने के कारण आम लोगों को काफी कठिनाई होती है और राजस्व कर्मचारी कुछ स्थानीय लोगों से मिलकर अपना गोरखधंधा चलाते रहते है;

(ग) क्या यह सही है कि ऐसे ही गया जिले के बोधगया एवं गुरारू एवं बांके बाजार प्रखण्ड के राजस्व कर्मचारी भी किसी एक स्थान पर नहीं बैठकर किसी निजी आवास से कार्यालय संचालित कर गोरखधंधा चलाते है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऐसे समस्त कर्मचारियों पर कार्रवाई करने एवं इनके एक स्थायी सरकारी कार्यालय में उपस्थित रहने का नियम बनाने का विचार रखती है?

पक्के पुल का निर्माण

*14 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के बाईपास के किनारे नाला पर मीठापुर पुरानी बस स्टैंड से जीरो माईल तक नगर निगम पटना द्वारा अंडरपास के पास लोहे का टेंपररी पुल बनाया गया है, जो अब जर्जर हो चुका है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जर्जर पुल से छोटे वाहन गुजरते है जर्जर रहने के कारण कई बार दुर्घटना हो चुकी है;

(ग) क्या यह सही है कि रूदल पथ एवं खेमनीचक के पास स्थित लोहे के पुल अत्यंत जर्जर हो चुके हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अस्थायी पुल के स्थान पर पक्के पुल का निर्माण कबतक कराना चाहती है?